**उ0प्र0 विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम मंगलवार के लिए निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–9 का उत्तर।**

| क्र0 सं0 | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 9(क) | क्या औद्योगिक विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद–सीतापुर के महमूदाबाद में सेमरा चौराहे के निकट स्थित सहकारी सूत मिल बन्द हैं? | जी हाँ। |
| (ख) | यदि हाँ, तो बन्द सहकारी सूत मिल की भूमि उ0प्र0 सरकार के नाम है या अन्य किसी संस्था के नाम है? | उ0प्र0 सरकार, उद्योग अनुभाग–10 द्वारा सरकारी गजट उ0प्र0 असाधारण में प्रकाशित अधिसूचना संख्या–4384/18–10–164(एस)–82 दिनांक 21–10–1982 द्वारा सीतापुर सहकारी कताई मिल्स लि0, महमूदाबाद, सीतापुर की स्थापना के लिए कास्तकारों आदि से अधिग्रहीत भूमि राजस्व अभिलेखों में अभी भी कास्तकारों के नाम दर्ज है। उक्त भूमि को राजस्व अभिलेखों में सीतापुर मिल का नाम दर्ज कराने की कार्यवाही प्रचलन में है। |
| (ग) | क्या उक्त का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | जी नहीं। |
| (घ) | क्या उक्त सहकारी सूत मिल को अन्य औद्योगिक संस्थानों द्वारा संचालित करने हेतु आवंटित करायेंगे? | जी नहीं। |
| (ड.) | यदि हाँ, तो कब तक? | प्रश्न नहीं उठता |
| (च) | यदि नहीं, तो क्यों? | शासकीय प्रत्याभूति से आच्छादित डिबेन्चर बाण्ड धारकों द्वारा योजित सूट 2792/2000 में मा0 उच्च न्यायालय मुम्बई द्वारा पारित आदेश दिनांक 03.12.2001 द्वारा सीतापुर |

| | | |
|---|---|---|
| | | मिल सहित संघ की सभी मिलों में कोर्ट रिसीवर नियुक्त किया गया। कोर्ट रिसीवर द्वारा वर्ष 2002 में सीतापुर मिल का भौतिक कब्जा लिया गया और बाण्ड धारकों की वसूली हेतु सीतापुर मिल की प्लांट एवं मशीनरी बेच दी गई। कालान्तर में उक्त सूट 2792/2000 में मा0 उच्च न्यायालय, मुम्बई द्वारा पुनः पारित आदेश दि0 27–06–2006 के अनुपालनार्थ निर्गत शासनादेश संख्या–3053 दि0 17–08–2006 के निर्देशानुसार निबन्धक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, सहकारी समितियाँ उ0प्र0 द्वारा उ0प्र0 सहकारी समिति अधिनियम–1965 के प्रावधानों के अन्तर्गत सीतापुर सहकारी कताई मिल्स लि0 महमूदाबाद सीतापुर सहित संघ की मिलों के परिसमापन हेतु जारी आदेश दिनांक 19–08–2006 द्वारा नियुक्त परिसमापक (जिलाधिकारी सीतापुर) के अधीन हैं। सीतापुर मिल उक्त अधिनियम के तहत परिसमापनाधीन है। अतः मिल को पुनर्संचालित किया जाना सम्भव नही है। |

**नन्द गोपाल गुप्ता 'नंदी'**
मंत्री,
औद्योगिक विकास विभाग।

san/dt/quest/v.p.question